## सीआईआई के वार्षिक अधिवेशन में बोले औद्योगिक विकास मंत्री, एक साल में 10 लाख करोड़ का निवेश

# यूपी निवेशकों की पहली पसंद बना : नंदी

**आयोजन**

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। एक साल के भीतर लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश आकार वाली 14 हजार परियोजनाएं कार्यान्वयन के लिए तैयार हैं।

ये परियोजनाएं न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि प्रदेश में 33.50 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने में भी मदद करेंगी। वह मंगलवार को गोमतीनगर स्थित सीआईआई भवन में सीआईआई यूपी चैप्टर के वार्षिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेशः एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था इन मेकिंग नामक विषय पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस 10 लाख करोड़ रुपये में से अधिकतम निवेश विनिर्माण 21 प्रतिशत, नवीकरणीय ऊर्जा 13 प्रतिशत, आईटी और आईटीईएस नौ प्रतिशत, खाद्य प्रसंस्करण छह प्रतिशत, आवास और रियल एस्टेट छह प्रतिशत जैसे उभरते क्षेत्रों में किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था का मूलभूत आधार मुख्य रूप से उसके औद्योगिक विकास पर निर्भर करता है। प्रदेश में औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए की है।

**यूपी में जमीन की उपलब्धता आसान की:** इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में कानून और व्यवस्था के बेहतरीकरण के साथ-साथ अनुकूल औद्योगिक नीतियों ने यूपी में सैमसंग, डिक्सन, सीमेंस, हिंदुजा, जीई, टाटा मोटर्स जैसी कई अन्य बड़ी कंपनियों को आकर्षित किया है। राज्य सरकार ने यूपी में जमीन की उपलब्धता अत्यधिक आसान कर दी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि के लिए अन्य देशों में खेती के लिए केवल 10 प्रतिशत भूमि उपलब्ध है, जबकि भारत में 45 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि है। यूपी में 75 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि है, जो यूपी के किसानों के लिए एक वरदान है।




सीआईआई यूपी चैप्टर के वार्षिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश : ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था इन मेकिंग को सम्बोधित करते औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

**14** हजार परियोजनाएं अभी कार्यान्वयन के लिए तैयार

**33**.50 लाख रोजगार के मौके पैदा किए जा सकेंगे

### स्मिता अग्रवाल अध्यक्ष व डॉ. उपासना उपाध्यक्ष

इस अवसर पर यूपी स्टेट काउंसिल ने वर्ष 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी गठित की। इसमें स्मिता अग्रवाल ने अध्यक्ष व डॉ. उपासना अरोड़ा ने उपाध्यक्ष का पदभार संभाला। जानकारी के अनुसार बता दें कि इस अवसर पर सीआईआई नॉर्थर्न रीजन उपाध्यक्ष माधव सिंघानिया, सीआईआई यूपी स्टेट काउंसिल के निवर्तमान अध्यक्ष आकाश गोयनका, सुनील वचानी, संदीप घोष सहित सदस्य मौजूद थे।